दिनांकः 15.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार के वास्ते तीन दिन का समय शेष–स्टार प्रचारकों ने झोंकी पूरी ताकत।
- अवैध सामग्री की जब्ती में प्रदेश में बना नया रिकॉर्ड–27 दिन में ही 696 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार।
- मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से आज जयपुर में विशाल मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन–मुख्य निर्वाचन अधिकारी भी ले रहे हैं भाग।
- पश्चिम विक्षोभ का असर जारी–राज्य में कई स्थानों पर हुई बारिश।

---------------

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार के वास्ते तीन दिन बचे हैं। इसे देखते हुए प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा सहित अन्य दलों ने मतदाताओं को अपने समर्थन में करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह आज जयपुर में रोड़ शो करेंगे। यह रोड़ शो जयपुर की चारदीवारी में सांगानेरी गेट से लेकर छोटी चौपड़ तक होगा। इसके लिए भाजपा के पदाधिकारियों ने व्याापक तैयारियां की हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि श्री शाह के अलावा भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेता तथा कांग्रेस नेता भी आज प्रचार करेंगे।

---------------

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी का भी अलवर में कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में आज रोड शो करने का कार्यक्रम है। इसके बाद वे दौसा लोकसभा क्षेत्र के बांदीकुई में जनसभा को संबोधित करेंगी।

---------------

लोकसभा चुनाव में सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच मतदान करने वाले फर्स्ट टाइम वोटर्स को प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। निर्वाचन विभाग ने शत–प्रतिशत मतदान के लिए ये नवाचार किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर शुरूआती 40 फर्स्ट टाइम वोटर्स को यह प्रमाण पत्र दिया जाएगा। साथ ही राज्य के अन्य मतदान केन्द्रों पर शुरूआती 20 फर्स्ट टाइम वोटर्स को प्रमाण पत्र दिये जाएंगे।

श्री गुप्ता ने बताया कि राज्य में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 16 लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। इन नव मतदाताओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जागरुक किया जा रहा है। मतदान दिवस पर पोलिंग बूथ पर बने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर पोस्ट करने पर सर्टिफिकेट दिया जाएगा और बेस्ट सेल्फी को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने नव मतदाताओं से लोकतंत्र में अपनी भागीदारी अवश्य निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वयं भी मतदान करें और परिवार सहित अन्य लोगों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करें।

---------------

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए होम वोटिंग कल से शुरू हुई। इसके तहत 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पहले चरण में हुई होम वोटिंग में पात्र मतदाताओं ने घर से मतदान कर आयोग की इस पहल की काफी प्रशंसा की है। उन्होंने बताया कि अब तक 32 हजार 237 बुजुर्ग तथा 10 हजार 675 दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग की सुविधा का लाभ लिया है। उन्होंने बताया कि विशेष मतदान दल ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान करवा रहे हैं। पहले चरण के लोकसभा

क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए मतदान की प्रक्रिया 13 अप्रैल तक थी। किसी कारण से अनुपस्थित या वंचित रह जाने पर ये मतदाता आज और कल होम वोटिंग कर सकेंगे।

000

आम चुनाव के मद्देजनर की जा रही अवैध सामग्री की जब्ती में प्रदेश में नया रिकॉर्ड बना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सीजर के मामले में वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार अवैध सामग्री की जब्ती में 1 हजार 350 प्रतिशत की बढोतरी हुई है। पिछले चुनाव में 75 दिन में कुल 51 करोड़ 42 लाख रुपये मूल्य की नकदी सहित अन्य अवैध सामग्री जब्त की गई थी। इस बार 27 दिन में ही यह आंकड़ा 696 करोड़ रुपये को पार कर गया है। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग–अलग एजेंसियां चुनाव के मद्देनजर संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर कड़ी निगरानी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि 1 मार्च से अब तक 20 जिलों में 20–20 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं और नकदी बरामद की गई हैं।

---------------

लोकसभा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से राज्यभर में विभिन्न नवाचार और आयोजन किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जयपुर के सेंट्रल पार्क में विशाल मतदाता जागरूकता कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता भी इसमें भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह और अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमन पंवार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं।

---------------

जयपुर जिले में जिन विद्यालयों में मतदान केन्द्र बनाये गये हैं, उन विद्यालयों में मतदान दिवस से एक दिन पहले स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि मतदान संबंधी कार्यों के लिए यह निर्णय लिया गया है।

---------------

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरुकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। अब हम इस संदेश श्रृंखला में गांव–ढाणी या मोहल्ले में एक साथ चार–पांच लोगों यानि समूह में भेजे गये संदेशों को भी शामिल करेंगे। आज का संदेश हमें जोधपुर के श्रोता ने भेजा है।

-------------

पिछले एक सप्ताह से चल रही रेजीडेंट चिकित्सकों की हड़ताल समाप्त हो गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह की समझाइश के बाद रेजीडेंट डॉक्टरों ने कल शाम हड़ताल समाप्ति की घोषणा की। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज प्रशासन और जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स तथा अन्य चिकित्सक संघों के प्रतिनिधियों के साथ कल हुई बैठक के बाद ये निर्णय लिया गया। श्रीमती सिंह ने रेजीडेंट डॉक्टर्स का निलंबन वापस लेने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि जयपुर के कांवटिया अस्पताल परिसर में एक महिला का खुले में प्रसव होने के मामले में एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने तीन रेजीडेंट और एक सीनियर रेजीडेंट चिकित्सक को निलंबित कर दिया था। इससे पहले एसएमएस अस्पताल में मरीज को गलत ग्रुप का ब्लड चढ़ाने के मामले में भी दो रेजीडेंट्स को निलंबित किया गया था। इसके विरोध में रेजीडेंट डॉक्टर्स हड़ताल पर चले गए थे।

---------------

पश्चिम विक्षोभ के असर से प्रदेश में कई स्थानों पर मौसम में बदलाव आया है। आज सुबह से ही राजधानी जयपुर में बादल छाये हुए हैं। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। बूंदी में कल तेज बारिश हुई। रामगंज बालाजी क्षेत्र में बारह से अधिक गावों में तेज अंधड़ से फसलों को नुकसान पहुंचा है। सवाईमाधोपुर में तेज बारिश होने से कई जगह पानी भर गया। जैसलमेर के नाचना नहरी क्षेत्र में बेमौसम हुई बारिश से ईसबगोल और जीरे की फसल में नुकसान हुआ है। हनुमानगढ ज़िले में बीते तीन दिन से बादलों की लुकाछिपी चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश की संभावना है।

---------------